KUMAUN GARHWAL
CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRY
UTTARAKHAND

CHAMBER HOUSE, INDUSTRIAL ESTATE, BAZPUR ROAD, KASHIPUR, DISTT. U. S. NAGAR (UTTARAKHAND)
Phone : (05947) 262478, Fax : (05947) 262078, E-mail : kgcci10@gmail.com, Website : www.kgcci.in

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः 18 सितम्बर, 2025

कुमायूँ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (केजीसीसीआई) द्वारा होटल रुद्रा कॉन्टिनेंटल, रूद्रपुर में देर सायं स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (सिडबी) के सहयोग से उद्योगो में ''ऊर्जा दक्षता (एनर्जी एफिशिएन्सी) '' विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा उद्योगों में ऊर्जा–सक्षम तकनीकों को अपनाकर ऊर्जा की खपत को कम करके उत्पादन क्षमता बढ़ाने और लागत घटाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गयी। कार्यक्रम का संचालन श्री अंकित बंसल, कोषाध्यक्ष, केजीसीआई ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत कुमायूँ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष, श्री पवन अग्रवाल के स्वागत भाषण से हुई।

अपने संबोधन में श्री पवन अग्रवाल ने कहा कि आज के दौर में बढ़ती ऊर्जा लागत और संसाधनों की सीमित उपलब्धता के बीच ऊर्जा दक्षता उद्योगों के लिए अत्यंत आवश्यक हो गई है। ऊर्जा का सही और संतुलित उपयोग न केवल लागत में कमी लाता है, बल्कि उत्पादन क्षमता बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाता है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऊर्जा–सक्षम तकनीकों को अपनाकर उद्योग, प्रतिस्पर्धा में बढ़त हासिल कर सकते हैं और दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित कर सकते हैं। श्री अग्रवाल ने उपस्थित सभी उद्योगपतियों और उद्यमियों से आग्रह किया कि वे इस सेमिनार में साझा किए गए अनुभवों और तकनीकी सुझावों को अपने उद्योगों में लागू करें।

साथ ही, उन्होंने सिडबी के सहयोग और विशेषज्ञ वक्ताओं के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि यह सेमिनार क्षेत्र के औद्योगिक विकास में नई दिशा और ऊर्जा दक्षता के प्रति जागरूकता लाने में सहायक सिद्ध होगा।

श्री अनंत भास्कर राय, मैनेजर, सिडबी, रुद्रपुर शाखा ने सिडबी की विभिन्न ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिडबी द्वारा एमएसएमई उद्योगों के विकास के लिए डीसीवी ग्रीन फाइनेंसिंग सहित कई योजनाएँ शुरू की गई हैं, जो उद्योगों को वित्तीय सहायता और तकनीकी उन्नयन में मदद करती हैं।

श्री देविंदर सिंह, सेल्स मैनेजर, टाटा पावर सोलर सिस्टम्स ने टाटा पावर सोलर सिस्टम की कार्यप्रणाली और इसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सौर ऊर्जा को अपनाकर उद्योग अपनी ऊर्जा लागत कम कर सकते हैं और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकते हैं।

श्री राकेश कुमार चौरसिया, सीनियर जनरल मैनेजर, नैनी पेपर्स लिमिटेड ने उद्योगों में प्रिवेंटिव मेंटेनेंस और एफिशिएंसी इम्प्रूवमेंट की तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने अताया कि समय–समय पर रखरखाव और कुशल संचालन से मशीनों की आयु बढ़ाई जा सकती है तथा उत्पादन क्षमता में वृद्धि की जा सकती है।

श्री वैभव गुप्ता, कंसल्टेंट, इकोसिस इंजीनियर्स एंड कंसल्टेंट ने स्टीम इंजीनियरिंग की तकनीकों और प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सटीक स्टीम प्रबंधन से ऊर्जा की खपत को काफी हद तक कम किया जा सकता है और उद्योगों की लागत में कमी लाई जा सकती है।

श्री प्रशांत शर्मा, कंसल्टेंट, पावर प्लांट एंड रिन्यूएबल एनर्जी, एनकॉन टर्बो टेक प्रा0 लि0. ने टर्बाइन एफिशिएंसी के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीकों और नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से टर्बाइन की कार्यक्षमता बढ़ाकर ऊर्जा की बर्बादी को रोका जा सकता है।

श्री सौरभ शर्मा, टेरिटरी मैनेजर, सीबीजी, थर्मैक्स लिमिटेड ने बॉयलर एफिशिएंसी को बेहतर बनाने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऊर्जा–सक्षम बॉयलर का उपयोग न केवल लागत घटाता है बल्कि सुरक्षा और उत्पादकता में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

सेमिनार के दौरान विशेषज्ञों ने उद्योगों को ऊर्जा खपत कम करने, परिचालन लागत घटाने, पर्यावरण संरक्षण और दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए।

कार्यक्रम के अन्त में सभी प्रतिभागियों के लिए प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें उनकी शंकाओं और समस्याओं का समाधान किया गया तथा आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के समापन पर श्री अशोक बंसल, निवर्तमान अध्यक्ष, केजीसीसीआई ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे आज के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा दी गयी तकनीकी जानकारी को अपने उद्योगों में अपनाकर उद्योगों को ऊर्जा सक्षम एवं प्रतिस्पर्धी बनाने में सहयोग करें।

इस अवसर पर केजीसीसीआई के निवर्तमान अध्यक्ष श्री अशोक बंसल, केजीसीसीआई के पंतनगर जोनल चेयरमैन, श्री अनूप कुमार सिंह, श्री विकास सिंह, श्री संजय कुमार अदलखा, श्री अरविंद मोहन सिंह, श्री मुन्ने शाह, श्री प्रवीन कुमार पंवार, श्री एल. बी. एस. चौहान, श्री सुरेश चन्द्र अग्रवाल, श्री मनीष सिंघल, श्री सचिन टिव्रेबाल, श्री प्रवीन पटेल, श्री आर. के. राठी, श्री अंशु सिंह, श्री अरविंद कुमार, श्री सुशील कुमार, श्री आर. के. श्रीवास्तव, श्री अजय कुमार सिंह, श्री राकेश कुमार चौरसिया, श्री प्रदीप कुमार, श्री मुकेश त्यागी, मयंक पाण्डे, विनय राय, सुशील कुमार, शिवम कश्यप, सुशील कुमार शर्मा, वरूण काम्बोज, राहुल सिंह, हरदीप सिंह, अभिषेक पाण्डे तथा बड़ी संख्या में अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

पवन अग्रवाल<br>
अध्यक्ष